**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**(तिथि 26 जुलाई 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार:**

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कारगिल दिवस पर देश के वीर सपूतों को याद किया, कहा – देश के लिए उनके बलिदान पर सभी को गर्व।
2. मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने रक्षा उत्पादन और अंतरिक्ष क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में भारतीय वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के सामूहिक प्रयासों की प्रशंसा की।
3. श्री मोदी ने देशवासियों से हथकरघा शिल्प को प्रोत्साहित करने और **'लोकल फॉर वोकल'** की भावना को मजबूत करने का आग्रह किया।
4. श्री मोदी ने गणेश उत्सव के दौरान मिट्टी से बनी भगवान गणेश की मूर्तियों की पूजा करने की अपील की।
5. केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने शिक्षा मंत्री का कार्यभार संभाला।
6. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा में अंत्योदय मेले का शुभारंभ किया।

**********************************************************************

राष्ट्र आज कारगिल विजय दिवस मना रहा है। इस अवसर पर वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है।

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में कहा कि भारत रक्षा निर्यात, राजनीतिक सहयोग और मित्र देशों के मामले में लगातार नई ऊंचाइयां छू रहा है।
कारगिल विजय दिवस पर वीर सैनिकों को याद करते हुए श्री मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और देशवासियों से अपील की कि वे एक सुरक्षित , सक्षम और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी तकनीकी क्षमता में लगातार वृद्धि कर रहा है। श्री मोदी ने हाल ही में नौसेना में शामिल किए गए युद्धपोत महेंद्र गिरी और कुश मिसाइल की चर्चा की।

श्री मोदी ने इन सफलताओं को भारतीय वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की साझा उपलब्धि बताया। उन्होंने भारत के रक्षा उपकरण और तकनीक के प्रति वैश्विक समुदाय में बढ़ते विश्वास पर संतोष व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले रविवार को विक्रम-1 के सफल प्रक्षेपण ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया है।

श्री मोदी ने कहा कि देशभर में 7 अगस्त को 'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' मनाया जाएगा। उन्होंने लोगों से हथकरघा शिल्प को प्रोत्साहित करके बुनकरों का सम्मान करने और **'लोकल फॉर वोकल'** की भावना को और मजबूत करने का आग्रह किया।

श्री मोदी ने कहा कि देश में जिस तरह से हथकरघा उद्योग को बढ़ावा दिया जा रहा है, उससे बड़ी संख्या में लोगों के जीवन में सुधार हो रहा है। प्रधानमंत्री ने मन की बात में खादी का उल्लेख भी किया। उन्होंने लोगों से आगामी त्योहारी मौसम में खादी खरीदने का आग्रह किया।

श्री मोदी ने गणेश उत्सव के दौरान सभी से पीओपी से बनी मूर्तियों के बजाय मिट्टी से बनी भगवान गणेश की मूर्तियों की पूजा करने की अपील की।

श्री मोदी ने एक पेड़ मा के नाम अभियान की भी याद दिलाई और श्रोताओं को पर्यावरण और वन संरक्षण के लिए को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया।

प्रधानमंत्री ने कुछ दिन पहले ग्लासगो में शुरू हुए राष्ट्रमंडल खेलों का उल्लेख किया और कहा कि हर भारतीय की यही कामना है कि सभी खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के समय में भारत के युवाओं ने खेलों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

8- पी एम –स्पोर्ट्स

श्री मोदी ने चार जुलाई से चलाए जा रहे विशेष राष्ट्रव्यापी अभियान **कैच द रेन** अभियान का जिक्र भी किया और देशवासियों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया। श्री मोदी ने भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को याद किया, जिनकी कल पुण्यतिथि है। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति ने बच्चों और युवाओं को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया।

श्री मोदी ने कहा कि इस सप्ताह गुरु पूर्णिमा भी मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा सभी मार्गदर्शकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाना उन अनगिनत नायकों को याद करने का दिन है जिन्होंने राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। उन्होंने इस वर्ष भी 'हर घर तिरंगा' अभियान को पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया और सभी से हमेशा की तरह 15 अगस्त से पहले मॉय गोव पोर्टल पर अपने विचार और सुझाव साझा करने का आग्रह किया।

**************************************************************************

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आज शिक्षा मंत्री का कार्यभार संभाल लिया। श्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे के बाद कल उन्हें नया शिक्षा मंत्री नियुक्त किया गया था। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री जोशी ने नई जिम्मेदारी सौंपने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट किया।

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज लाडवा में अंत्योदय मेले का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि मेले के आयोजन का मकसद है कि कोई भी नागरिक योजना के जानकारी के अभाव में इससे वंचित न रहे। आज यहां पर 1000 से ज्यादा लोगों ने पंजीकरण कराया है।

**************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम आज सारे हरियाणा में सुना गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा में मन की बात कार्यक्रम सुना और कार्यक्रम में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कार्यक्रम से हर वर्ग को प्रेरणा मिलती है। –

********************************************************************